सत्यमेव जयते

# वार्षिक प्रतिवेदन

# 2015-2016



कारा

**केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण**

**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**

**भारत सरकार**

www.cara.nic.in

सत्यमेव जयते

# वार्षिक प्रतिवेदन
# 2015-2016

कारा

**केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण**

**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**

**भारत सरकार**

**www.cara.nic.in**

# विषय सूची


**माननीय केंद्रीय मंत्री (एमडब्ल्यूसीडी) का संदेश** i

**माननीय राज्य मंत्री (एमडब्ल्यूसीडी) का संदेश** ii

**अध्याय-१ : प्रस्तावना** 1

१.१ केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण 1
१.२ राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण 2
१.३ जिला बाल संरक्षण एकक 2
१.४ विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण 3
१.५ प्राधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरण 3
१.६ केंद्रीय प्राधिकरण एवं विदेशों में भारतीय मिशन 3

**अध्याय-२ : गतिविधियां** 4

२.१ बालकों के दत्तक ग्रहण को शासित करने वाले मार्गदर्शक सिद्धांत, २०१५ की अधिसूचना 4
२.२ केयरिंग्स 5
२.३ प्रशिक्षण और विकास 7
2.४ मीडिया और पब्लिसिटी 13
२.५ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग 13
२.६ निरीक्षण और निगरानी 14
२.७ अन्य पहलें 14

**अध्याय-३ : आंकड़ा आधार (दत्तक ग्रहण आंकड़ा)** 15

**अध्याय-४ : अनुलग्नक** 18

४.१ परिशिष्ट – क : राज्य-वार राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण (एसएआरए) 18
४.२ परिशिष्ट – ख: राज्य वार जिला बाल संरक्षण एकक (डीसीपीयू) और विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण (एसएए) 23

**अध्याय-५ : २०१५-२०१६ का लेखा परीक्षा प्रतिवेदन और वार्षिक आंकड़े** 24

मेनका संजय गांधी
Maneka Sanjay Gandhi





मंत्री
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
भारत सरकार
नई दिल्ली-110001
MINISTER
MINISTRY OF WOMEN & CHILD DEVELOPMENT
GOVERNMENT OF INDIA
NEW DELHI-110001


दिनांक : 04 अगस्त, 2017

**संदेश**

मुझे वर्ष 2015-16 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है जो कारा द्वारा दत्तक ग्रहण में अनाथ, परित्यक्त और अभ्यर्पित बच्चों के स्थापन के लिए कारा द्वारा किए गए प्रयासों को दर्शाता है। वर्ष के दौरान, केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) द्वारा बालकों के दत्तक-ग्रहण को शासित करने विषयक दिशानिर्देश, 2015 को मूर्त रूप दिया गया जिसे भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया।

इसी अनुक्रम में, दत्तक-ग्रहण संसाधन प्रबंधन, बाल दत्तक-ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंग्स) के ऑनलाइन आवेदन संबंधी दत्तक-ग्रहण संसाधन प्रबंधन तंत्र को अद्यतन किया गया ताकि भावी दत्तक माता-पिता कारा में सीधे पंजीकरण कर सकें। केयरिंग्स के अद्यतन होने के पश्चात, देशीय भावी दत्तक माता-पिता अपने आवेदन की स्थिति की ऑनलाइन जानकारी प्राप्त पता कर सकते हैं जो कि पहले संपूर्ण दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया के ऑफलाइन होने के कारण संभव नहीं था। इससे दत्तक ग्रहण प्रणाली में अधिक पारदर्शिता आई हैं।

मुझे विश्वास है कि अब हमारे पास एक बाल हितैषी दत्तक ग्रहण प्रक्रिया है जिसके द्वारा देखभाल और संरक्षण के जरूरतमंद बच्चों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए उनका अवस्थापन स्नेही परिवारों में किया जा रहा है । केंद्रीय स्तर पर दत्तक-ग्रहण एवं दत्तक-ग्रहण पश्चात, की पूरी प्रक्रिया की निगरानी भी की जा रही है।

आंकडों की ऑनलाइन निगरानी के द्वारा बाल कल्याण समिति और न्यायालय द्वारा कारित विलंब का निवारण किया जा रहा है। सभी हितधारकों के लिए अनेक प्रशिक्षण और अभिन्वियांस कार्यक्रमो के माध्यम से इसे दूर करने के सभी प्रयास किये जा रहे है। न्यायिक संस्थानों के माध्यम से न्यायपालिका को संवेदनशील बनाने के लिए कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे है।

मैं संस्थानिक देखभाल में रह रहे प्रत्येक बच्चे के लिए प्रेम तथा स्नेही परिवार को ढूढंने की आवश्यकता पर बल देती हूं। अतः मैं सभी हितधारकों से अनुरोध करूंगी कि वे दत्तक ग्रहण को बढावा दें क्योंकि यह उन बच्चों के पुनर्वास का सबसे बेहतर तरीका है जो परिवार की देखभाल और सहयोग से वंचित है।

(श्रीमती मेनका संजय गांधी)


Off.: Room No. 353, 'A' Wing, Shastri Bhavan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi-110 001, Tel.: 23074052-54, Fax: 23387384
Resi. : 14 Ashoka Road, New Delhi-110001, Tel. : 23357088, Fax : 23354321

सत्यमेव जयते
कृष्णा राज
KRISHNA RAJ



मंत्री
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
भारत सरकार
नई दिल्ली-110001
MINISTER
MINISTRY OF WOMEN & CHILD DEVELOPMENT
GOVERNMENT OF INDIA
NEW DELHI-110001

दिनांक : 04 अगस्त, 2017

## संदेश

मुझे, केंद्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा), महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त (अब सांविधिक), निकाय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता है जिसमें वर्ष 2015-16 के दौरान की गई विभिन्न गतिविधियां समाहित हैं।

मैं अवगत हूं कि बालकों/बालिकाओं के दत्तक-ग्रहण को शासित करने वाले मार्गदर्शक सिद्धांत 2015 जिन्हें 17 जुलाई, 2015 को अधिसूचित किया गया था, जो 01 अगस्त, 2015 से प्रभावी हैं एवं जिसने दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया का सरलीकरण कर दिया है। दत्तक-ग्रहण की प्रक्रिया में पारदर्शिता, माता-पिता की सूचित पसंद, आचार-व्यवहार और कठोर समयबद्धता नए मार्गदर्शक सिद्धांत के अनिवार्य घटक हैं। दत्तक-ग्रहण को सरल बनाने के लिए स्थानीय प्राधिकरण जैसे जिला बाल संरक्षण एकक (डीसीपीयू) को और अधिक क्रियाशील बनाने पर बल दिया गया है।

ऑनलाइन प्रणाली के प्रचलन में आने के परिणामस्वरुप अंतरदेशीय दत्तक-ग्रहण को बढ़ावा मिला है। बड़ी विशेष जरुरतों वाले बच्चों तथा अधिक उम्र के बच्चों का अनिवासी भारतीय, विदेशी भारतीय नागरिक और विदेशी भावी दत्तक-ग्रहण माता-पिता की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है।

दत्तक-ग्रहण संबंधित सेवाओं के क्रियान्वयन को संतोषप्रद एवं आनंदपूर्ण बनाने में प्रयासरत कारा को मैं हार्दिक शुभकामनायें देती हूं।

(कृष्णा राज)

कार्यालय : कमरा नं. 756, 'ए' विंग, शास्त्री भवन, डा. राजेन्द्र प्रसाद रोड़, नई दिल्ली–110 001, दूरभाष : 23382361–63, फैक्स : 23070704
**Off.** : Room No. 756, 'A' Wing, Shastri Bhavan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi-110 001, **Tel.** : 011-23382361-63, Fax. : 011-23070704
निवास : 404, कावेरी अपार्टमेन्ट, डा. बिशम्भर दास मार्ग, नई दिल्ली, दूरभाष : 23721834, ई–मेल : mos-mwcd@gov.in
**Resi.** : 404 Kavari Apartment, Dr. B.D. Road, New Delhi-110001, **Tel.** : 011- 23721834, **E-mail** : mos-mwcd@gov.in

# परिवर्णी शब्द

| | |
|---|---|
| एएफएए | : अधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरण |
| सीए | : केंद्रीय प्राधिकरण (बाल संरक्षण और अतंरदेशीय दत्तक ग्रहण की बाबत सहयोग पर हेग कन्वेंशन १९९३ के अंतर्गत केंद्रीय प्राधिकरण के रूप में नामोदिष्ट सरकारी विभाग) |
| सीएआरए | : केंद्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण |
| केयरिंग्स | : बालक दत्तक-ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली |
| सीडब्ल्यूसी | : बाल कल्याण समिति |
| आईसीपीएस | : समेकित बाल संरक्षण स्कीम |
| आईसीटी | : सूचना और संचार प्रौद्योगिकी |
| आईईसी | : सूचना, शिक्षा और संप्रेषण |
| जे.जे.एक्ट | : किशोर न्याय अधिनियम |
| पीएपी | : भावी दत्तक माता-पिता |
| एसएए | : विशिष्ट दत्तक- ग्रहण अभिकरण |
| सारा | : राज्य दत्तक-ग्रहण संसाधन अभिकरण |
| यूटी | : संघ राज्य क्षेत्र |

# प्रस्तावना




माननीय महिला और बाल विकास मंत्री श्रीमती मेनका संजय गांधी १८ अगस्त २०१५ को विज्ञान भवन एनेक्सी, नई दिल्ली में कारा द्वारा आयोजित नए दत्तक-ग्रहण मार्गदर्शक सिद्धांत पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय परिचयात्मक कार्यक्रम में संबोधित करते हुए।

## १.१ केंद्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) :

१.१.१ केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) की स्थापना एल.के.पाण्डे बनाम भारत सरकार के मामले में भारत के उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर तत्कालीन कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने १९९० में की। इसे सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, १९६० के तहत एक विधिक संस्था के रूप में पंजीकृत किया गया था और केंद्रीय मंत्रिमंडल के अनुमोदन से १९९९ में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तत्ववाधान में भारत सरकार का एक स्वायत्त निकाय बनाया गया।

वर्ष २००३ में कारा को बालक संरक्षण और अतंरदेशीय दत्तक-ग्रहण की बाबत सहयोग पर हेग अभिसमय के अतंर्गत एक केंद्रीय प्राधिकरण के रूप में नामनिर्दिष्ट किया गया है।

१.१.२ किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, २०१५ के अंगीकार होने पर केंद्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण एक सांविधिक निकाय बन गया और उसे अधिनियम की धारा ६८ के तहत १५ जनवरी, २०१६ से केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के रूप में नामनिर्दिष्ट किया गया। कारा को निम्नलिखित कार्य करने का अधिदेश दिया गया है:-

क) देश के भीतर दत्तक-ग्रहण को बढ़ावा देना और राज्य अभिकरण के साथ समन्वय करके अतंरदेशीय दत्तक-ग्रहण में सहायता करना;

ख) अंतरदेशीय दत्तक-ग्रहण को विनियमित करना;

ग) दत्तक-ग्रहण और संबंधित मामलो में समय-समय पर यथा आवश्यक विनियम बनाना;

घ) बालक संरक्षण और अंतरदेशीय दत्तक-

ग्रहण की बाबत सहयोग पर हेग अभिसमय के तहत केंद्रीय प्राधिकरण के रूप में कार्य करना;

ङ) यथा निर्दिष्ट कोई अन्य कार्य;

१.१.३ **कारा का विज़न देश में प्रत्येक अनाथ, परित्यक्त एवं अभ्यर्पित बच्चे के लिए पालन-पोषण एवं देखरेख करने वाले परिवार की तलाश करना है । इसका मिशन देश के प्रत्येक कोने में दत्तक ग्रहण सेवाओं का विस्तार करना, दत्तक ग्रहण के माध्यम से बच्चों के शीघ्र पुनर्वास के प्रयास करना, दत्तक ग्रहण अभिकरणों के क्रियाकलापों में मानकीकरण सुनिश्चित करना, दत्तक ग्रहण में नैतिक प्रक्रियाओं को बढ़ावा देना और दत्तक ग्रहण के इच्छुक माता-पिता को सुविधाएं प्रदान करना है।**

## १.२ राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण (सारा):

समेकित बाल संरक्षण योजना (आईसीपीएस) के अंतर्गत स्थापित राज्य दत्तक-ग्रहण संसाधन एजेंसी (सारा) को राज्य में बालकों के दत्तक-ग्रहण को बढ़ावा देने का अधिदेश प्राप्त है। यह भी आशा की जाती है कि सारा दत्तक-ग्रहण कार्यक्रम में समन्वय, निगरानी और उसका विकास करने, विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरणों (एसएए) की स्थापना में सहायता करने, ऐसे अभिकरणों की एक व्यापक सूची का रख रखाव करने, यह सुनिश्चित करने कि बालकों के सभी दत्तक-ग्रहण/स्थायी स्थापन विधि और दत्तक-ग्रहण विनियम के अनुसार हों, जिला बाल संरक्षण एकक (डीसीपीयू) की सहायता से दत्तक ग्रहण योग्य बालकों का एक केंद्रीयकृत वेब आधारित डाटाबेस का रखरखाव करने, बाल देखभाल संस्थानों (सीसीआई) के साथ एसएए के संपर्क को बढ़ाने और एसएए के कार्य का पर्यवेक्षण करने तथा अभिकरणों और सीसीआई के बीच समन्वय सुनिश्चित के लिए एक राज्य स्तरीय संसाधन केंद्र के रूप में कार्य करेगा। सारा को दत्तक-ग्रहण पूर्व तथा दत्तक-ग्रहण स्तर, दोनों के दौरान दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया में होने वाले विलंब का समाधान करने के प्रयास करने हैं। ऐसे अभिकरणों की सूची परिशिष्ट-क पर है। सारा को एसएए का नाम, पता और संपर्क का ब्यौरा और इसके साथ जैसे ही ऐसे अभिकरणों को मान्यता अथवा नवीकरण प्रदान किया जाए तो उसके पत्र और प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि केंद्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) को उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है।

## १.३ जिला बाल संरक्षण एकक (डीसीपीयू):

१.३.१ डीसीपीयू समेकित बाल संरक्षण स्कीम (आईसीपीएस) के अंतर्गत स्थापित एक जिला बाल संरक्षण अभिकरण है। इसका काम जिले में अनाथ, परित्यक्त और अभ्यर्पित बालकों की पहचान करना और उन्हें एसएए अथवा सीसीआई की सहायता से बाल कल्याण समिति द्वारा दत्तक-ग्रहण हेतु जहां कहीं आवश्यक हो, कानूनी तौर पर स्वंतत्र घोषित करना, यह सुनिश्चित करना कि बालक को दत्तक-ग्रहण हेतु कानूनी तौर पर स्वंतत्र घोषित किए जाने की तारीख से दस दिनों के भीतर एसएए द्वारा बाल अध्ययन रिपोर्ट और चिकित्सा जांच रिपोर्ट बालक दत्तक-ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली पर अपलोड कर दी गई हो, दत्तक-ग्रहण को सुचारू बनाने के लिए उसी अथवा अन्य जिलों में एसएए के साथ बाल देखभाल संस्थान से संपर्क में सहायता करना; दत्तक-ग्रहण हेतु कानूनी तौर पर स्वंतत्र घोषित प्रत्येक बालक की प्रगति को सुनिश्चित करना और जब कभी आवश्यकता हो तो मामले में तेजी लाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करना, जिले से किसी बालक अथवा बालकों के दत्तक-ग्रहण के लिए बाल दत्तक-ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली में पंजीकृत प्रत्येक भावी दत्तक माता-पिता (पीएपी) के आवेदन की प्रगति को सुनिश्चित करना और जहां कहीं आवश्यकता हो तो मामले में तेजी लाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करना।

१.३.२ इसके अतिरिक्त, यह अपेक्षित है कि जहां कहीं आवश्यकता हो, वह सीडब्ल्यूसी की बहाली के प्रयासों और समाचार-पत्र में बालक के बारे में सूचना प्रकाशित करने, परिवीक्षा अधिकारी से

बहाली के प्रयासों और समाचार-पत्र में बालक के बारे में सूचना प्रकाशित करने, परिवीक्षा अधिकारी से सामाजिक जांच रिपोर्ट और एसएए की सहायता से पुलिस से गुमशुदा रिपोर्ट प्राप्त करने में सहायता करेगा।

१.३.३ जहां तक दत्तक-ग्रहण का संबंध है, यह गृह अध्ययन रिपोर्ट तैयार करने तथा विभिन्न स्तर पर हुए विलम्ब को दूर करने सहित जमीनी स्तर पर सभी सहायता देने के लिए 'सारा' और 'कारा' के साथ संबंद्ध है।

## १.४ विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण (एसएए):

१.४.१ किशोर न्याय अधिनियम २०१५ की धारा ६५(१) के अनुसार राज्य सरकार दत्तक ग्रहण और गैर-संस्थागत देखभाल के माध्यम से अनाथ, परित्यक्त अथवा अभ्यर्पित बच्चों के पुर्नवास के लिए प्राधिकरण द्वारा बनाए गए दत्तक-ग्रहण विनियमों में यथा निर्दिष्ट रीति से विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरणों के रूप में प्रत्येक जिले में एक अथवा अधिक संस्थाओं या संगठनों को मान्यता देगी।

१.४.२ एसएए की देखरेख में रह रहे प्रत्येक बच्चे की देखरेख, संरक्षण एवं कल्याण के लिए उत्तरदायी होना तथा उनकी स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करना; विशिष्ट जरूरतों वाले बच्चों की विशेष देखरेख; भावनात्मक एवं मनोवैज्ञानिक आवश्यकतायें; शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण आवश्यकतायें; आराम एवं मनोरंजन गतिविधियां; सभी प्रकार के दुर्व्यवहार, उपेक्षा एवं शोषण से संरक्षण; समाज की मुख्यधारा से जोड़ना, पुन: स्थापन एवं अनुवर्तन शामिल होते हैं । एसएए की दत्तक-ग्रहण वाले बालक और पीएपी के लिए महत्वपूर्ण भूमिका है। यह दत्तक-ग्रहण वाले प्रत्येक बालक के आनॅलाइन डाटाबेस का रख-रखाव करता है और बालकों से संबंधित सभी दस्तावेज तैयार करता है। यह पीएपी की गृह अध्ययन रिपोर्ट तैयार करता है तथा गृह अध्ययन रिपोर्ट दत्तक-ग्रहण मार्गदर्शक सिद्धांत (२०१५) में यथा विनिर्दिष्ट तरीके से तैयार की जाती है। वर्तमान में, दत्तक-ग्रहण (देश के भीतर और अंतरदेशीय दत्तक-ग्रहण) में बालकों को रखने हेतु उनके संबंधित राज्यों द्वारा मान्यता प्राप्त सरकारी और गैर-सरकारी, दोनों प्रकार के अभिकरण हैं। ऐसे अभिकरणों की राज्य-वार संख्या परिशिष्ट-ख में दी गई है।

## १.५ प्राधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरण (एएफएए):

कारा विदेशों में रह रहे पीएपी जिनमें अनिवासी भारतीय (एनआरआई), प्रवासी भारतीय नागरिक (ओसीआई), एवं विदेशी शामिल हैं, के आवेदनों को प्रयोजित करने के लिए विदेशी दत्तक-ग्रहण अभिकरणों को प्राधिकृत करता है। ये अभिकरण अतंरदेशीय दत्तक-ग्रहण के मामलों को तैयार करने हेतु प्राप्तकर्ता देशों में प्रत्यायन अभिकरणों के रूप में जाने जाते हैं (हेग अभिसमय में यथा परिभाषित)। एएफएए को भारत से बाल दत्तक-ग्रहण के इच्छुक पीएपी को पंजीकृत करना और उनकी गृह अध्ययन रिपोर्ट को जल्दी से पूरा करना; प्राधिकरण से दत्तक-ग्रहण के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र की प्राप्ति के बाद शीघ्र दत्तक-ग्रहण सुनिश्चित करने हेतु एसएए के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करना और दत्तक-ग्रहण मार्गदर्शक सिद्धांत (२०१५) में उनके लिए यथा अधिसूचित अन्य कार्यकलाप करना सम्पादित करना होता है।

## १.६ केंद्रीय प्राधिकरण (सीए) और विदेश में भारतीय मिशन:

हेग अनुसमर्थित कुछ देशों में, केंद्रीय प्राधिकरण (कारा के समकक्ष) भारत से दत्तक-ग्रहण के इच्छुक पीएपी के मामलों को प्रायोजित करते हैं। कुछ गैर-हेग अनुसमर्थित देशों में भारतीय मिशन एनआरआई द्वारा देश से दत्तक-ग्रहण करने के मामलों को प्रायोजित करने में लगे हुए हैं।

# गतिविधियां

## २.१ "बालकों के दत्तक-ग्रहण को शासित करने वाले मार्गदर्शक सिद्धांत २०१५" की अधिसूचना :

२.१.१ नवीन और सरल रूप में "बालकों के दत्तक-ग्रहण को अभिशासित करने वाले मार्गदर्शक सिद्धांत २०१५' जिन्हें दत्तक-ग्रहण मार्गदर्शक सिद्धांत २०१५ भी कहा जाता है को केंद्र सरकार ने १७ जुलाई, २०१५ को अधिसूचित किया और यह १ अगस्त, २०१५ से लागू हुआ। इसके साथ ही, नवीन प्रकार से रचित आनॅलाइन केयरिंग्यस में आवेदित बच्चों के केंद्रीकृत आंकडे, पीएपी का पंजीकरण और उनकी अर्हता और पंसद के अनुसार बच्चे का रेफरल इसी तिथि से प्रभावी हुआ।

२.१.२ इन मार्गदर्शक सिद्धांत का उद्देश्य अनाथ, परित्यक्त और अभ्यर्पित बच्चों के दत्तक-ग्रहण को प्रमाणिकता प्रदान करने और प्रभावी विनियमन के साथ ही दत्तक-ग्रहण प्रणाली में और अधिक पारदर्शिता लाना भी है। इन नए मार्गदर्शक सिद्धांत से, पीएपी के लिए यह सरल हो गया है कि वे अपने आवेदनों की अद्यतन स्थिति को जान सकें जिससे संपूर्ण प्रणाली का उपयोग करने वालों को सुविधा हो। नीचे दिए गए समय निर्धारण के अनुसार केयरिंग्स द्वारा बच्चों को स्वयं ही देश के भीतर दत्तक-ग्रहण से अंतरदेशीय दत्तक-ग्रहण में रेफर किया जाता है:-

क) ६० दिनों के बाद, यदि बच्चा पांच वर्ष से अधिक हो या बहन-भाई हो,

ख) ३० दिनों के बाद, यदि बच्चा पांच वर्ष से अधिक हो या बहन-भाई हो,

ग) १५ दिनों के बाद, यदि बच्चा मानसिक और शारीरिक रूप से असक्षम हो,

२.१.३ दत्तक-गहण को शासित करने वाले मार्गदर्शक सिद्धांत २०१५ के मुख्य बिंदु नीचे वर्णित हैं:-

क) सारा/डीसीपीयू द्वारा पैनलबद्ध सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा पीएपी की गृह अध्ययन रिपोर्ट को बनाना

ख) बड़े बच्चे के दत्तक-ग्रहण के दायरे को बढ़ाना

ग) सीसीआई में अधिक आयु वाले बच्चों के दत्तक-ग्रहण हेतु पीएपी की अधिकतम आयु अर्हता सीमा को १०५ से बढाकर ११० कर दी गई है।

| बालक की आयु | पीएपी की अधिकतम संयुक्त आयु | एकल पीएपी की अधिकतम आयु |
|---|---|---|
| किसी भी आयु से 18 वर्ष तक | 90 वर्ष तक | 45 वर्ष तक |
| 4 वर्ष से अधिक 18 वर्ष तक | 90 वर्ष से अधिक 100 वर्ष तक | 45 वर्ष से अधिक 50 वर्ष तक |
| 8 वर्ष से 18 वर्ष तक | 100 वर्ष से अधिक 110 वर्ष | 55 वर्ष |

घ) सभी दत्तक-ग्रहण (देश के भीतर और अंतरदेशीय) केयरिंग्स के माध्यम से होंगें और केयरिंग्स प्रक्रिया से बाहर दत्तक-ग्रहण निषेध है।

ङ) दत्तक-ग्रहण अभिकरण की दत्तक-ग्रहण समिति का सदस्य स्थानीय डीसीपीयू के अधिकारी को बनाया गया है।

च) दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया को आंशिक ऑनलाइन प्रक्रिया से पूर्ण ऑनलाइन प्रक्रिया बना दिया गया।

छ) पीएपी को अपनी वरिष्ठता देखने के लिए दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाना।

ज) देश के भीतर दत्तक-ग्रहण के लिए गृह अध्ययन से पूर्व पीएपी स्वयं का पंजीकरण करें और प्रासंगिक दस्तावेज अपलोड करें।

झ) अतंरदेशीय दत्तक-ग्रहण के मामले में, पीएपी द्वारा एएफएए/सीए में पंजीकरण करते समय गृह अध्ययन रिपोर्ट और अन्य प्रासंगिक दस्तावेज अपलोड करना

ञ) दत्तक-ग्रहण लूप में अधिक बच्चों को लाने के दत्तक-ग्रहण आंकडों को बढ़ाने के लिए सीसीआई-एसएए/डीसीपीयू के मध्य संबंध स्थापित किया गया है।

ट) सभी मान्यता प्राप्त दत्तक-ग्रहण अभिकरणों को एसएए नामनिर्दिष्ट किया गया है और ये अभिकरण देश के भीतर दत्तक-ग्रहण और अंतरदेशीय दत्तक-ग्रहण में बच्चों का स्थापन करने के पात्र हैं।

ठ) डीसीपीयू को दत्तक-ग्रहण को बढ़ावा देने और दत्तक-ग्रहण से पहले और दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया के दौरान होने वाले विलंब का समाधान करने का अधिदेश दिया गया है।

ड) राज्य सरकार द्वारा देश के भीतर और अंतरदेशीय दत्तक-ग्रहण दोनों में बालकों के स्थापन हेतु एसएए को पांच वर्षों की अवधि के लिए मान्यता दी गई है।

ढ) कारा द्वारा एएफएए को पांच वर्षों की अवधि के लिए प्राधिकृत किया गया है

ण) कारा तथा उसके अधीनस्थ हितधारकों द्वारा ऑनलाइन केयरिंग्स के माध्यम से संपूर्ण दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया की निगरानी की जायेगी।

त) सारा और डीसीपीयू द्वारा स्थानीय स्तर पर एसएए के कार्यकलापों की निगरानी।

## २.२ केयरिंग्स:

२.२.१ बालक दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना एवं मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंग्स), दत्तक ग्रहण संबंधी ऑनलाइन पहल को फरवरी, २०११ में शुरु किया गया और उसे कारा की आधिकारिक वेबसाइट अर्थात् www.cara.nic.in पर दर्शाया गया। केयरिंग्स बाल संरक्षण और अंतरदेशीय दत्तक-ग्रहण की बाबत सहयोग पर हेग अभिसमय १९९३ में यथा परिकल्पित अंतराष्ट्रीय प्रोटोकॉल का पालन करता है जिसका भारत एक पक्षकार देश है। यह राष्ट्रीय कानूनों का पालन करता है।

### २.२.२ इस वेबसाइट को निम्नलिखित के लिए एनआईसी (नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर) की सहायता से डिजाइन किया गया है :-

क) दत्तक ग्रहण प्रक्रिया को सुचारू, त्वरित एवं निर्बाध बनाने के लिए,

ख) दत्तक ग्रहण प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए,

ग) कार्यान्वयन अभिकरणों की जवाबदेही बढ़ाने के लिए,

घ) दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया में सामन्जस्य स्थापित करने हेतु पक्षकारों का प्रशिक्षित नेटवर्क तैयार करने के लिए और,

ङ) कारगर नीति-निर्माण और अनुसंधान को सक्षम बनाने के लिए दत्तक-ग्रहण के राष्ट्रीय आंकडा आधार का रख-रखाव करने के लिए

### २.२.३ केयरिंग्स के लाभ :-

क) दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया की आनॅलाइन निगरानी से विभिन्न स्तरों पर विलंब को समझने और इससे प्रणाली की खामियों को दूर करने में सहायता मिलती है।

ख) डाटा विश्लेषण एक समयबद्ध तरीके से महत्वपूर्ण निर्णय लेने को संभव बनाता है।

ग) केयरिंग्स पर दत्तक-ग्रहण अभिकरणों का पंजीकरण किया जाता है

घ) पीएपी का ऑनलाइन पंजीकरण होता है।

ङ) विशेष जरूरतों वाले बच्चों का शीघ्र स्थापन किया जाता है।

च) दत्तक-ग्रहण के बाद ऑनलाइन अनुवर्ती कार्रवाई सम्पादित की जाती है।

छ) एसएए के साथ संपर्क के माध्यम से अन्य सीआई में स्थापित बच्चों का दत्तक-ग्रहण कार्य संपन्न होता है।

ज) घरेलू दत्तक-ग्रहण की प्राथमिकता सुनिश्चित करना

### २.२.४ विभिन्न संचालनात्मक मॉड्यूल

क) देश के भीतर दत्तक-ग्रहण के लिए पंजीकरण हेतु पीएपी मॉड्यूल
ख) बालकों के पंजीकरण हेतु एसएए मॉड्यूल
ग) जिले के भीतर दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया की निगरानी के लिए डीसीपीयू मॉड्यूल
घ) राज्य के भीतर दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया की निगरानी हेतु सारा मॉड्यूल
ङ) देश के भीतर दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया की निगरानी हेतु कारा मॉड्यूल
च) विदेशों से दत्तक-ग्रहण के इच्छुक पीएपी के पंजीकरण हेतु एएफएए मॉड्यूल

### २.२.५ उपलब्धियां

दत्तक-ग्रहण प्रणाली में और अधिक पारदर्शिता लाने के लिए २०१५ में केयरिंग्स को उन्नत बनाया गया।

क) केयरिंग्स के माध्यम से ४०२ विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरणों का ऑनलाइन पंजीकरण किया गया।
ख) केयरिंग्स के माध्यम से ५०१ जिला बाल संरक्षण एककों (डीसीपीयू) का ऑनलाइन पंजीकरण किया गया।
ग) केयरिंग्स के माध्यम से ३१ राज्य दत्तक-ग्रहण संसाधन अभिकरणों (सारा) का ऑनलाइन पंजीकरण किया गया।
घ) विशेष जरूरतों वाले मॉडयूल के माध्यम से विशेष जरूरतों वाले दत्तक ग्रहण योग्य बालकों के पुनर्वास की फास्टट्रैकिंग की गई।
ङ) बड़े बच्चों के पुनर्वास की फास्टट्रैकिंग की गई।
च) अगस्त २०१५ से मार्च २०१६ तक केयरिंग्स पर ८००६ पंजीकृत पीएपी की गृह अध्ययन रिपोर्ट (एचएसआर) को केयरिंगस पर अपलोड किया गया।
छ) नए दत्तक-ग्रहण मार्गदर्शक सिद्धांत (२०१५) के क्रियान्वयन के बाद प्रथम बार घरेलू दत्तक-ग्रहण में विशेष जरूरत वाले बच्चों के दत्तक-ग्रहण को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष अभियान आरंभ किया गया। अगस्त २०१५ से मार्च २०१६ तक ३६ विशेष जरूरत वाले बच्चों का देश के भीतर दत्तक-ग्रहण में स्थापन किया जा सका।

### २.२.६ २०१५ के दत्तक-ग्रहण दिशानिर्देशों की अधिसूचना के साथ केयरिंग्स को उन्नत और संचालनात्मक बनाया गया।

क) अब भारत में रह रहे पीएपी दत्तक-ग्रहण अभिकरण जाये बिना सीधे ऑनलाइन पंजीकरण करेंगे जिसके आधार पर उनकी उपयुक्ता और पात्रता का निर्धारण किया जायेगा।
ख) पीएपी की गृह अध्ययन रिपोर्ट स्थानीय दत्तक-ग्रहण अभिकरणों द्वारा तैयार की जाती है और गृह अध्ययन रिपोर्ट को ऑनलाइन अपलोड कर दिया जाता है।
ग) पीएपी को रेफरल ऑनलाइन दिये जा रहे है।
घ) अतंरदेशीय दत्तक-ग्रहण के मामलों में भी सभी आवेदनों को केयरिंग्स पर ऑनलाइन अपलोड किया जा रहा है।
ङ) घरेलू व अतंर्राष्ट्रीय दत्तक-ग्रहण, दोनों में दत्तक-ग्रहण के बाद अनुवर्ती रिपोर्ट को भी केयरिंग्स पर ऑनलाइन अपलोड किया जा रहा है।
च) केयरिंग्स में रियल टाइम ऑनलाइन रिपोर्ट देने की सुविधा का भी प्रावधान किया गया है।
छ) देश के भीतर और अंतरदेशीय दत्तक-ग्रहण के लिए सभी एसएए कारा से ऑनलाइन जुड़े हुए हैं।
ज) अतंरदेशीय दत्तक-ग्रहण के लिए आवेदन की केंद्रीकृत ऑनलाइन प्राप्ति में केयरिंग्स के माध्यम से एक कॉमन नंबर योजना का प्रयोग किया जाता है और इसके बाद एसएए द्वारा आगे की कार्रवाई का प्रावधान है।
झ) देश भर में दत्तक-ग्रहण अभिकरणों के पास बालकों की रियल टाइम ऑनलाइन सूचना उपलब्ध का प्रावधान किया गया है।
ञ) जिला स्तर पर दत्तक-ग्रहण कार्यक्रम की निगरानी हेतु डीसीपीयू केयरिंग्स से जुड़े हुए हैं।

ट)	उत्तम प्रौद्योगिकी, सुलभ और पारदर्शी दत्तक-ग्रहण कार्यक्रम को शुरू किया गया है।

## २.३ प्रशिक्षण और विकास:




नए दत्तक ग्रहण मार्गदर्शक सिद्धांत और नई केयरिंग्स पर ५-६ अक्टूबर, 2015 को कोलकाता, पश्चिम बंगाल में राज्य अभिविन्यास कार्यक्रम के दौरान पारस्परिक संबंधी प्रशिक्षण सत्र

२.३.१ कारा ने राज्य सरकारों एवं अन्य पक्षकारों की सहायता से दत्तक ग्रहण के संबंध में अनेक राज्य अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए हैं। विभिन्न पक्षकारों और सेवा प्रदाताओं के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण का उद्देश्य नीचे दिए अनुसार है:-

क)	जे.जे अधिनियम २०१५ में यथा परिकल्पित देश में गैर-संस्थानिक देखभाल कार्यक्रम और दत्तक-ग्रहण को सुदृढ़ करना

ख)	दत्तक-ग्रहण प्रणाली में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए बाल संरक्षण प्रणाली अर्थात् केयरिंग्स में आई.टी एप्लीकेशन पर जानकारी देना।

ग)	विशेष रूप से माता-पिता की देखभाल से वंछित बच्चों के लिए बाल संरक्षण प्रणाली में गवर्नेंस को बढ़ाना

घ)	दत्तक-ग्रहण सहित विविध बाल संरक्षण मुद्दों को समझने के कौशल को सुदृढ़ करना

ङ)	समन्वय तंत्र को सुदृढ़ करने में योगदान देना, संयुक्त आयोजना बनाना और समन्वित विकास में सहायता करना।


च)	प्रतिभागियों को अघतन दिशानिर्देशों/नियमों के बारे में बताकर उन्हें उनकी वर्तमान स्थिति में और अधिक कुशलता से काम करने और उनके अंदर उनके क्षेत्र में अपेक्षित कौशलों का विकास करने में सहायता देना, और




नए दत्तक ग्रहण मार्गदर्शक सिद्धांत और नई केयरिंग्स पर २ नवंबर, २०१५ कोहिमा, नागालैंड, में हुए राज्य अभिविन्यास कार्यक्रम में श्रीमती रश्मि सक्सेना साहनी, संयुक्त सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, श्री वीरेंद्र मिश्रा, सचिव, कारा और नागालैंड शासन के अधिकारी

छ)	प्रतिभागियों से क्षेत्रीय जरूरतों और आवश्यकताओं के बारे में प्रतिपुष्टि लेना

२.३.२ राज्य अभिविन्यास कार्यक्रमों में हितधारकों की भागीदारी:-



5 अक्टूबर, 2015 को कोलकाता, पश्चिम बंगाल में आयोजित नई दत्तक दिशानिर्देशों और पुनर्वसित कारिंग्स पर राज्य अभिविन्यास कार्यक्रम के दौरान व्यावहारिक व क्रियाशील प्रशिक्षण सत्र

क)	राज्य के सरकारी विभागों के प्रतिनिधि, कार्यक्रम प्रबंधक सारा, कार्यक्रम प्रबंधक (प्रशिक्षण, आईईसी और एडवोकेसी) कार्यक्रम प्रबंधक(बाल संरक्षण) कार्यक्रम अधिकारी (सीएनसीपी), कार्यक्रम (प्रशिक्षण) , कार्यक्रम अधिकारी (आईईसी और एडवोकेसी), कार्यक्रम प्रबंधक, अधिकारी-सारा:

ख)	दत्तक-ग्रहण अभिकरण और अनाथ, परित्यक्त  व अभ्यर्पित बच्चों वाले बाल गृह, सीडब्लयूसी सदस्य, दत्तक-ग्रहण माता-पिता एसोसिएशन, सहायक समूह आदि




नए दत्तक-ग्रहण मार्गदर्शक सिद्धांत और नई केयरिंग्स पर १६ दिसंबर, २०१५ शिमला, हिमाचल प्रदेश में हुए राज्य अभिविन्यास कार्यक्रम में कारा तथा हिमाचल प्रदेश सरकार के अधिकारी और एसएए, सारा, डीसीपीयू तथा सीडब्ल्यूसी के प्रतिनिधि

ग) जिला बाल संरक्षण अधिकारी (डीसीपीओ)/सरंक्षण अधिकारी-संस्थागत देखभाल (पीओआईसी), संरक्षण अधिकारी-गैर संस्थागत देखभाल (पीओएनआईसी)

घ) सिविल सोसाइटी/चाइल्डलाइन/ओपन शेल्टर/बाल गृहों के सदस्य




नए दत्तक-ग्रहण मार्गदर्शक सिद्धांत और नई केयरिंग्स पर २२ अगस्त, २०१५ चेन्नई, तमिलनाडु में हुए राज्य अभिविन्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री, श्रीमती बी. वलारमठी, समाज कल्याण विभाग, तमिलनाडु सरकार। इस कार्यक्रम में, श्री वीरेंद्र मिश्र, सचिव, कारा और तमिलनाडु सरकार के अधिकारी भी उपस्थित थे।

ङ) पासपोर्ट अधिकारी/जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण अधिकारी, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, पीडियाट्रिक एसोसिएशन, गाइनीकोलोजिक एसोसिएशन और डिस्ट्रिक्ट मेडिकल एसोसिएशन के राज्य चैपटर्स के प्रतिनिधि



नए दत्तक-ग्रहण मार्गदर्शक सिद्धांत और नई केयरिंग्स पर ९ सितंबर, २०१५ जयपुर, राजस्थान में हुए राज्य अभिविन्यास कार्यक्रम में श्री वीरेन्द्र मिश्रा, सचिव, कारा, राजस्थान सरकार के अधिकारी और एसएए और सारा के प्रतिनिधि




नए दत्तक-ग्रहण मार्गदर्शक सिद्धांत और नई केयरिंग्स पर २३ अप्रैल २०१५ को चंडीगढ़, हरियाणा में हुए राज्य अभिविन्यास कार्यक्रम में श्री वीरेंद्र मिश्रा
, सचिव, कारा, हरियाणा सरकार के अधिकारी और एसएए, सारा, डीसीपीयू और सीडब्ल्यूसी के प्रतिनिधि

नए दत्तक-ग्रहण मार्गदर्शक सिद्धांत और नई केयरिंग्स पर ८ मई, 2015 को चेन्नई, तमिलनाडु में हुए राज्य अभिविन्यास कार्यक्रम में एसएए, सारा, डीसीपीयू और सीडब्ल्यूसी के प्रतिनिधि





नए दत्तक-ग्रहण मार्गदर्शक सिद्धांत और नई केयरिंग्स पर २२ अगस्त २०१५ को चेन्नई, तमिलनाडु में हुए राज्य अभिविन्यास कार्यक्रम में कारा के अधिकारी और एसएए, सारा, डीसीपीयू और सीडब्ल्यूसी के प्रतिनिधि

## 2.3.3

### २०१५-१६ के दौरान किए गए विशेष ऑउटरीच कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| नई दिल्ली में राज्य सरकारों के सचिवों के लिए दत्तक-ग्रहण संबंधी राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम | ०३ |
| नई दिल्ली में राज्य सरकारों के अधिकारियों के लिए नए दत्तक-ग्रहण मार्गदर्शक सिद्धांत और केयरिंग्स संबंधी क्षेत्रीय/जिला स्तर का कार्यक्रम | ०४ |
| दत्तक ग्रहण संबंधी राज्य स्तरीय अभिविन्यास कार्यक्रम | ३१ |
| न्यायधीशों/न्यायिक अधिकारियों के लिए दत्तक-ग्रहण संबंधी न्यायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम | ०४ |



नए दत्तक-ग्रहण मार्गदर्शक सिद्धांत पर २७ जुलाई, 2015 को दिल्ली में कारा के सम्मेलन हॉल में हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री वीरेंद्र मिश्रा, सचिव, कारा

नए दत्तक-ग्रहण मार्गदर्शक सिद्धांत पर २७ जुलाई, 2015 को दिल्ली में कारा के सम्मेलन हाल में हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में कारा अधिकारी और सारा के प्रतिनिधि





२० फरवरी, 2016 को हैदराबाद, तेलगांना में आयोजित नए दत्तक-ग्रहण मार्गदर्शक सिद्धांत और केयरिंग्स पर राज्य अभिविन्यास कार्यक्रम






९ सितम्बर, 2015 को जयपुर,राजस्थान में आयोजित नए दत्तक-ग्रहण मार्गदर्शक सिद्धांत और केयरिंग्स पर राज्य अभिविन्यास कार्यक्रम

## नए दत्तक-ग्रहण मार्गदर्शक सिद्धांत और केयरिंग्स पर राज्य स्तरीय अभिविन्यास कार्यक्रम

| क्रम.सं. | संबंधित राज्य | स्थान/शहर | तारीख | प्रतिभागि यों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्नाटक | बेंगलुरू | 10 और 11 अप्रैल, 2015 | 120 |
| 2 | हरियाणा | चंडीगढ | 23 अप्रैल 2015 | 100 |
| 3 | तमिलनाडु | चेन्नई | 8 मई 2015 | 110 |
| 4 | तमिलनाडु और पुदुचेरी | चेन्नई | 22 अगस्त 2015 | 171 |
| 5 | राजस्थान | उदयपुर | 9 सितंबर 2015 | 165 |
| 6 | केरल | वलामासर, कोच्चि | 14 और 15 सितंबर 2015 | 60 |
| 7 | पंजाब | चंडीगढ | 17 सितंबर 2015 | 42 |
| 8 | ओडिशा | भुवनेश्वर | 25 सितंबर 2015 | 211 |
| 9 | उत्तर प्रदेश | लखनऊ | 28 सितंबर 2015 | 50 |
| 10 | कर्नाटक | बेंगलुरू | 1 और 2 अक्टूबर 2015 | 155 |
| 11 | पश्चिम बंगाल | कोलकाता | 5 और 6 अक्टूबर 2015 | 50 |
| 12 | गुजरात | अहमदाबाद | 15 अक्टूबर 2015 | 160 |
| 13 | नागालैंड | कोहिमा | 3 नवम्बर 2015 | 120 |
| 14 | मध्य प्रदेश | भोपाल | 7 नवम्बर 2015 | 104 |
| 15 | छत्तीसगढ | रायपुर | 18 नवम्बर 2015 | 120 |
| 16 | असम | गुवाहाटी | 20 नवम्बर 2015 | 90 |
| 17 | मेघालय | शिलांग | 21 नवम्बर 2015 | 25 |
| 18 | बिहार | पटना | 24 और 25 नवम्बर 2015 | 100 |
| 19 | दिल्ली | दिल्ली | 10 दिसंबर 2015 | 25 |
| 20 | झारखंड | रांची | 14 दिसंबर 2015 | 120 |
| 21 | हिमाचल प्रदेश | शिमला | 16 दिसंबर 2015 | 56 |
| 22 | उत्तराखंड | देहरादून | 16 दिसंबर 2015 | 75 |
| 23 | दिल्ली | दिल्ली | 22 दिसंबर 2015 | 35 |
| 24 | सिक्किम | कारा कार्यालय दिल्ली | 13 जनवरी 2016 | 07 |
| 25 | महाराष्ट्र | पुणे | 21 और 22 जनवरी 2016 | 220 |
| 26 | केरल | तिरूवनंतपुरम | 22 जनवरी 2016 | 102 |
| 27 | पंजाब | चण्डीगढ | 21 और 22 जनवरी 2016 | 50 |
| 28 | चण्डीगढ | चण्डीगढ | 22 जनवरी 2016 | 55 |
| 29 | तेलंगाना | हैदराबाद | 2 फरवरी 2016 | 120 |
| 30 | आंध्र प्रदेश | विजयवाडा | 11 मार्च 2016 | 110 |
| 31 | सिक्किम | गंगटोक | 21 और 22 मार्च 2016 | 250 से ऊपर |

## २.४ मीडिया और प्रचार:

केंद्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण, उपलब्ध अनेक मीडिया प्लेटफार्मो के माध्यम से कानूनी और नैतिक दत्तक-ग्रहण को बढ़ावा देने का काम करता है। कारा द्वारा दत्तक-ग्रहण कार्यक्रम में की गई कुछ पहलों का वर्णन नीचे किया गया है:-

क) ऑनलाइन दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया और नए दत्तक-ग्रहण मार्गदर्शक सिद्धांत, 2015 के संबंध में कारा द्वारा एसएए और पीएपी के लिए सार्वजनिक सूचना जारी की गई।

ख) सभी प्रमुख समाचार पत्रों में अवैध दत्तक-ग्रहण के विरुद्ध लोगों को जागृत करने के लिए मुद्रित विज्ञापन प्रकाशित किए गए।

ग) कारा न्यूजलेटर (एडोप्शन कनेक्ट) में कारा द्वारा किए गए सभी कार्यकलापों को प्रकाशित किया गया।

घ) दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया का वर्णन करने वाला एक लेख भारतीय एयरपोर्ट अथोरिटी की पत्रिका –'एयरपोर्ट इंडिया' में प्रकाशित किया गया।

ङ) दत्तक ग्रहण प्रक्रिया को बढ़ावा देने हेतु पीएपी के लिए चार वीडियो स्पॉट और ऑडियो स्पॉट बनाए गए। मल्टी मीडिया अभियानों और राज्यों में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान इनका व्यापक रूप से प्रयोग किया गया।

च) ऑनलाइन दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया के संबंध में जागरूकता पैदा करने हेतु फेसबुक, टिवटर जैसे सोशल मीडिया का बृहत स्तर पर प्रयोग किया गया। इन पृष्ठों को नियमित रूप से अघतन किया जाता है।

छ) पीएपी के लिए केयरिंग्स पर ऑनलाइन प्रक्रिया का पंजीकरण करने की व्याख्या करने हेतु द्विभाषी (हिंदी और अंग्रेजी) में पाठयक्रम तैयार की गई।

ज) कारा यू-ट्यूब का रख-रखाव कर रहा है जिसमें नई दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया को बढ़ावा देने और पीएपी के लिए उसे समझने हेतु ट्यूटोरियल्स और वीडियो स्पॉट उपलब्ध हैं।

## २.५ वीडियो कान्फ्रेंसिंग:

### राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ दत्तक-ग्रहण पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग:

कारा ने राज्यों में दत्तक-ग्रहण कार्यक्रम को सुचारू बनाने हेतु महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अनेक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित किए है जिनका ब्यौरा नीचे दिए अनुसार है:-

| क्रम. सं. | राज्य / संघ क्षेत्र का नाम | वीडियो कान्फ्रेंसिंग की तारीख |
|---|---|---|
| 1 | मध्य प्रदेश | 5 नवंबर 2015 |
| 2 | ओडिशा | |
| 3 | दिल्ली | |
| 4 | केरल | |
| 5 | त्रिपुरा | 6 नवंबर 2015 |
| 6 | पंजाब | |
| 7 | असम | |
| 8 | पुदुचेरी | |
| 9 | झारखंड | |
| 10 | हरियाणा | |
| 11 | छत्तीसगढ | |
| 12 | पश्चिम बंगाल | 4 दिसंबर 2015 |
| 13 | कर्नाटक | |
| 14 | गुजरात | |
| 15 | आंध्र प्रदेश | |
| 16 | तेलंगाना | |
| 17 | बिहार | |
| 18 | मिजोरम | 18 दिसंबर 2015 |
| 19 | उत्तराखंड | |
| 20 | सिक्किम | |
| 21 | मणिपुर | |
| 22 | मेघालय | |
| 23 | नागालैंड | |
| 24 | अंडमान एवं निकोबार | |
| 25 | गोवा | |
| 26 | चंडीगढ | 20 जनवरी, 2016 |
| 27 | तमिलनाडु | |
| 28 | राजस्थान | |
| 29 | उत्तर प्रदेश | |
| 30 | हिमाचल प्रदेश | |

## २.६ निरीक्षण और निगरानी :

**२.६.१** कारा ने यह देखने के लिए दत्तक-ग्रहण अभिकरणों का संयुक्त निरीक्षण किया है कि क्या सभी संबंद्ध अभिकरण दत्तक-ग्रहण मार्गदर्शक सिद्धांत, 2015 में यथाविनिर्दिष्ट भूमिका और कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं।

**२.६.२** वर्ष २०१५-१६ के दौरान कारा के अधिकारियों द्वारा एसएए के क्रियाकलापों की निगरानी के लिए लगभग २० निरीक्षण किए गये।

## २.७ अन्य पहलें:

### २.७.१ घरेलू दत्तक-ग्रहण में स्थापित विशेष जरूरतों वाले बालक

नवीन दत्तक-ग्रहण मार्गदर्शक सिद्धांत (२०१५) के क्रियान्वयन के पश्चात घरेलू दत्तक-ग्रहण में विशेष जरूरतों वाले बच्चों के दत्तक-ग्रहण का प्रसार करने के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और कारा ने एक विशेष अभियान की शुरुआत की है। अगस्त २०१५ से मार्च २०१६ में पहली बार दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया के केंद्रीकृत और ऑनलाइन हो जाने के कारण ३६ विशेष जरूरतों वाले बच्चों का देश में स्थापन किया गया

### २.७.२ राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र से विभिन्न संप्रेषण

दत्तक ग्रहण प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए विभिन्न विषयों से संबंधित विभिन्न अर्ध-शासकीय पत्र सचिव, एमडब्लूसीडी/ संयुक्त सचिव, राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र के एमडब्ल्यूसीडी, द्वारा अपंजीकृत गृहों का पंजीकरण, एसएए-सीसीआई संबंध, अस्पतालों/प्रसूती गृहों में हो रहा गैर-कानूनी दत्तक-ग्रहण, दत्तक-ग्रहण संबंधी विशेष अभियान (नवंबर-दिसंबर), राज्य के विविध न्यायालयों में लंबित दत्तक-ग्रहण मामले, डीसीपीयू द्वारा दत्तक-ग्रहण प्रणाली की पहचान करना और उसे सीसीआई से जोड़ना आदि जिन्हें राज्य के मुख्य सचिवों और संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासकों/दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश/प्रधान सचिव को जारी किए गए हैं। ऊपर दिए गए संप्रेषण के अनुसार, कारा को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से अपने राज्य/क्षेत्रों में दत्तक-ग्रहण कार्यक्रम का तेजी और सरलता से कार्यान्वयन करने के साथ-साथ दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया में देरी और विलंब को कम करने के संबंध में प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है।

# आंकडा आधार
# (दत्तक-ग्रहण आंकडा)

| दत्तक–ग्रहण | 2013–2014 (अप्रैल, 2013 से मार्च, 2014) | 2014–2015 (अप्रैल, 2014 से मार्च, 2015) | 2015–2016 (अप्रैल, 2015 से मार्च, 2016) |
|---|---|---|---|
| देश के भीतर | 3942 | 3988 | 3011 |
| अंतरदेशीय | 430 | 374 (कुल अंतरदेशीय दत्तक–ग्रहण बच्चों मे से 215 विशेष जरूरतों वाले बच्चे थे) | 666 |

## ३.१ वर्ष २०१५-१६ के राज्य-वार दत्तक-ग्रहण आंकडे का विवरण निम्नलिखित है:

| क्रम.सं. | प्रदेश का नाम | 2015.2016 (अप्रैल, 2015 से मार्च, 2016) | |
|---|---|---|---|
| | | देश के भीतर दत्तक–ग्रहण | अंतरदेशीय दत्तक–ग्रहण |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश और तेलंगाना | 123 | 21 |
| 3 | अरूणाचल प्रदेश | 0 | 0 |
| 4 | असम | 72 | 12 |
| 5 | बिहार | 83 | 13 |
| 6 | छत्तीसगढ | 47 | 6 |
| 7 | चंडीगढ | 8 | 0 |
| 8 | दिल्ली | 90 | 86 |
| 9 | गोवा | 10 | 2 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | गुजरात | 123 | 23 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 2 | 0 |
| 12 | हरियाणा | 28 | 30 |
| 13 | झारखंड | 63 | 10 |
| 14 | कर्नाटक | 273 | 24 |
| 15 | केरल | 121 | 23 |
| 16 | मणिपुर | 3 | 3 |
| 17 | मध्य प्रदेश | 72 | 8 |
| 18 | महाराष्ट्र | 724 | 187 |
| 19 | मिजोरम | 10 | 9 |
| 20 | मेघालय | 9 | 5 |
| 21 | नागालैंड | 3 | 2 |
| 22 | ओडिशा | 230 | 35 |
| 23 | पुदुचेरी | 21 | 9 |
| 24 | पंजाब | 40 | 34 |
| 25 | राजस्थान | 102 | 7 |
| 26 | तमिलनाडु | 198 | 45 |
| 27 | त्रिपुरा | 13 | 0 |
| 28 | तेलंगाना | 240 | 23 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | 123 | 12 |
| 30 | उत्तराखंड | 11 | 0 |
| 31 | पश्चिम बंगाल | 169 | 37 |
| | कुल | 3011 | 666 |

## ३.२ वर्ष २०१५-१६ में भारतीय बच्चों का देश-वार अंतरदेशीय दत्तक-ग्रहण विवरण निम्नलिखित है:

| क्रम.सं. | देश का नाम | 2015–2016 (अप्रैल, 2015 से मार्च, 2016) |
|---|---|---|
| 1 | अमरीका | 230 |
| 2 | डेनमार्क | 8 |
| 3 | बेल्जियम | 11 |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | नॉर्वे | 2 |
| 5 | नीदरलैंड | 2 |
| 6 | स्वीडन | 8 |
| 7 | ऑस्ट्रिया | 2 |
| 8 | फ्रांस | 38 |
| 9 | इटली | 150 |
| 10 | इंडोनेशिया | 2 |
| 11 | सिंगापुर | 4 |
| 12 | संयुक्त अरब अमीरात | 67 |
| 13 | दक्षिण अफ्रीका | 2 |
| 14 | न्यूजीलैंड | 11 |
| 15 | यूनाइटेड किंगडम | 17 |
| 16 | स्पेन | 62 |
| 17 | ऑस्ट्रेलिया | 2 |
| 18 | जर्मनी | 7 |
| 19 | कनाडा | 32 |
| 20 | फिनलैंड | 4 |
| 21 | मलेशिया | 1 |
| 22 | हांगकांग | 2 |
| 23 | दक्षिण कोरिया | 1 |
| 24 | इथोपिया | 1 |
| — | कुल | 666 |

# अनुलग्नक



## ४.१ राज्य दत्तक-ग्रहण संसाधन अभिकरणों की राज्य-वार सूची निम्न है:-

| क्र.म. सं. | राज्य / संघ राज्य क्षेत्र | संबंधित कारा | संपर्क विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>महिला विकास एवं बाल विकास विभाग<br>निदेशालय<br>आंध्र प्रदेश सरकार,<br>द्वितीय तल, स्वर्णजयंती परिसर,<br>अमीरपेट, हैदराबाद, आंध्र प्रदेश | टेली – 040-23730520, 23732587, 23733221<br>एक्सटेंशन – 238<br>दत्तक–ग्रहण भाग एक्सटेंशन नं– 222<br>फैक्स – 040–23730520<br>ईमेल –adoptionandhra@gmail.com |
| 2. | असम | राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>राज्य बाल संरक्षण सोसायटी,<br>असम सरकार,<br>प्रथम तल, मकान नं46,<br>सर्वे बस स्टॉप, बेलटोला, गुवाहाटी –28 असम | दूरभाष – 0361–2229275, 2265389<br>फैक्स – 0361–2229275<br>ईमेल –scpsassam@gmail.com<br>sarascps10@gmail.com,<br>dcpukammet@gmail.com |
| 3. | बिहार | राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>द्वितीय मंजिल,अपना घर,<br>पुनचेक, बेली रोड,<br>पटना–800023, बिहार | टेली – 0612–2545033<br>टेली –0612–2545033<br>ईमेल –biharsara@gmail.com<br>brajesh1098@gmail.com |
| 4. | चण्डीगढ | राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>संघ राज्य क्षेत्र बाल संरक्षण संघ,<br>वाटिका विद्यालय के पास, सेक्टर –19 बी<br>चंडीगढ | टेली– 0172–2548000<br>ईमेल –ipo.utcps@gmail.com,<br>posara.icps@gmail.com |
| 5 | छत्तीसगढ | राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>महिला विकास एवं बाल विकास विभाग<br>छत्तीसगढ सरकार,<br>इंदरावती भवन,<br>ब्लॉक–ए, द्वितीय तल,<br>एचओडी भवन, न्यू रायपुर<br>छत्तीसगढ – 492001 | टेलीफैक्स – 0771–2220006<br>ईमेल –urmimalasengupta@gmail.com |
| 6 | दादर और नगर हवेली | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण,<br>समेंकित बाल संरक्षण स्कीम (आईसीपीएस)<br>दादर और नगर हवेली प्रशासक,<br>समाज कल्याण विभाग<br>ब्लाक–4, पीडब्ल्यूडी परिसर,<br>सिलवासा– 396230, डीएनएच | टेली– 0260–2632027<br>ईमेल –dnhsara@gmail.com,<br>prashantbadre100@gmail.com |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | दिल्ली | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण,<br>महिला एवं बाल विकास विभाग,<br>एनसीटी सरकार, दिल्ली<br>1, कैनिंग लेन,<br>कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली–110001 | टेली – 011–23073416, 23073459<br>ईमेल – saraarcdelhi@gmail.com |
| 8 | दमन और द्वीप | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण,<br>समेकित बाल संरक्षण स्कीम (आईसीपीएस)<br>दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र बाल संरक्षण संघ<br>डी–1/4, सरकारी आवास,<br>एनआर, कलेक्ट्र, ढोलर<br>मोती, दमन –396220 | टेली – 0260–2230085<br>फैक्स–0260–2230854<br>ईमेल –icpsswd@gmail.com |
| 9 | गोवा | राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>महिला एवं बाल विकास निदेशालय, पुरानी शिक्षा बिल्डिंग, द्वितीय तल, 18 जून रोड,<br>पणजी, गोवा –403001 | टेली – 0832–22355308, 2426112<br>फैक्स – 0832–2424238<br>ईमेल–dir-wcd.goa@nic.in |
| 10 | गुजरात | राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>गुजरात सरकार,<br>ब्लाक – 19 तृतीय तल,<br>डॉ जीवराज मेहता भवन,<br>सेक्टर – 10 ए, गांधीनगर,<br>गुजरात – 382010 | टेली – 079–23242521/22/23<br>फैक्स –079–23242522<br>ईमेल – gujarat.icps@gmail.com, sara.gujarat@gmail.com, chiefsecretary@gujarat.gov.in |
| 11 | हरियाणा | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>महिला एवं बाल विकास विभाग बेयस नं 15–20, सेक्टर 4 पंचकुला हरियाणा | मोबाइल– 09888587797<br>ईमेल– shashins@gmail.com<br>wcd@hry.nic.in |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>महिला एवं बाल विकास निदेशालय,<br>हिमाचल प्रदेश सरकार,<br>सेडर भवन,<br>हिमलैंड होटल के निकट, शिमला,<br>हिमाचल प्रदेश – 171001 | टेली– 0177.2629731<br>फैक्स – 0177. 2629731<br>ईमेल– hcps.icps@gmail.com |
| 13 | झारखंड | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>समाज कल्याण मंत्रालय<br>महिला एवं बाल विकास मंत्रालय,<br>झारखंड राज्य बाल संरक्षण सोसायटी,<br>झारखंड सरकार,<br>ठंजीनियर होस्टल, द्वितीय तल, सैक्टर– 3, धूवा,<br>रांची – 4, झारखंड | टेली: 0651.6573272<br>ईमेल–sara.jharkhand@rediffmail.com |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 14 | कर्नाटक | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>महिला एवं बाल विकास विभाग निदेशालय<br>कर्नाटक सरकार,<br>प्रथम तल, एमएस. बिल्डिंग,<br>डॉ अंबेडकर वीधी रोड,<br>बैंगलुरू, कर्नाटक– 560001 | टेली–080–22879381 22879382,22353776<br>फैक्स–080–22353777<br>ईमेल– dirwcd@kar.nic.in,<br>jdpdm.dwcd@gmail.com,<br>icpssarakar@gmail.com,<br>prema2manik@gmail.com |
| 15 | केरल | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>राजगिरि कॉलेज ऑफ सोशल सांइसेस<br>राजगिरि कॉलेज ऑफ सोशल सांइसेस<br>राजगिरि पीओ,<br>कालामसेरी–683104<br>केरल | टेली–0484–2540727<br>फैक्स–0484–2532862<br>ईमेल– keralasara@gmail.com,<br>icpskerala@gmail.com |
| 16 | मध्य प्रदेश | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>महिला एवं सशक्तीकरण निदेशालय,<br>जवाहर भवन,<br>जवाहर बाल भवन परिसर,<br>दूसरा स्टॉप, तुलसी नगर,<br>भोपाल–462001, मध्यप्रदेश | टेली–0755–2551196<br>फैक्स –0755–2577122<br>ईमेल– icpsbhopal@gmail.com,<br>commwcd@map.nic.in |
| 17 | महाराष्ट्र | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>महाराष्ट्र राज्य बाल संरक्षण सोसायटी,<br>द्वितीय तल, महिला एवं बाल विकास आयोग,<br>महाराष्ट्र सरकार,<br>28, क्वींस गार्डन,पुराने सर्किट हाउस के निकट,<br>पुणे– 411001<br>महाराष्ट्र | ईमेल– sara.mscps@gmail.com |
| 18 | मणिपुर | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>समाज कल्याण विभाग,<br>मणिपुर सरकार<br>निदेशालय परिसर,<br>एटी लाइन (द्वितीय एमआर गेट),<br>इंफाल, मणिपुर–795001 | टेली–0385–2451183<br>ईमेल–sara.mscps@gmail.com,<br>mscps@gmail.com,<br>dy.commissionercd@gmail.com |
| 19 | मेघालय | राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>समाज कल्याण विभाग,<br>मेघालय सरकार,<br>लोवर लंचूमीचरी,<br>हॉपकिंग्स रोड<br>शिलांग–793001, मेघालय | टेली–0364–2501268<br>फैक्स–0364–2225978<br>ईमेल– sara.shillong@gmail.com,<br>hmshang_44@yahoo.in.co |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 20 | मिजोरम | राज्य दत्तक संसाधन एजेंसी<br>लालचुमा बिल्डिंग<br>सामाजिक कल्याण विभाग के निदेशालय के पास,<br>लाईपुतलांग, ऐजावल,<br>मिजोरम - 796012 | दूरभाष: 0389-2306957<br>ईमेल : saramzr@ymail.com,<br>vanlaldini@yahoo.com |
| 21 | नगालैंड | राज्य दत्तक संसाधन एजेंसी<br>स्टेट चाइल्ड प्रोटेक्शन सोसाइटी<br>अधिकारियों के पहाड़ी, एसपी कार्यालय के पास, एयर बिल्डिंग, कोहिमा,<br>नगालैंड 797,001 | टेलीफैक्स : 0370-2242979<br>ईमेल: scpsnagaland@gmail.com,<br>renchumi@yahoo.com |
| 22 | ओडिशा | राज्य दत्तक संसाधन एजेंसी<br>IMAGE परिसर,<br>सिरीयर स्क्वायर, यूनिट -8, खुर्धा,<br>Bunbaneswar-751,003,<br>ओडिशा | दूरभाष : 0674-2562349<br>ईमेल: pm.sara.od@nic.in,<br>suchetadas123@gmail.com,<br>tia.oscps@gmail.com |
| 23 | पुडुचेरी | राज्य दत्तक संसाधन एजेंसी<br>सामाजिक कल्याण निदेशालय,<br>पुडुचेरी सरकार,<br>नंबर 1, सरदंबल नगर मुख्य मार्ग, एलापिलाइकावादि,<br>पुडुचेरी -5 | दूरभाष: 0413-2205871, 2205871<br>फैक्स: 0413-2206762, 2200088<br>ईमेल: directorofsocialwelfare@yahoo.com,<br>dswicpspdy@gmail.com |
